संख्या-3-ई0एम0/2000-का-4-200 ।

प्रेषक,

भोला नाथ तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1-समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

2-समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ: : दिनॉक: : 12 फरवरी , 200।

विषय- सेवा संवर्गों की कठिनाईयों के निस्तारण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनॉक 18 दिसम्बर, 2000 द्वारा आपको निम्न निर्देश दिये गये थे :-

(1) समस्त सेवा संवर्गों के,समस्त स्तरों की विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठकें दिसम्बर माह में आयोजित करा ली जॉय ।

(2) किसी सेवा संवर्ग से यदि कोई समझौता किया गया हो तो उसका तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

(3) समस्त सेवा संवर्गों को अस्थायी रूप से दिनॉक 01-01-1996 से दिनॉक 31-12-2000 तक पूर्व अनुसन्य समयमान वेतनमान अनुसन्य किये गये हैं,अतः समस्त विभाग तत्काल कैडर रिव्यू करके बजाज समिति की संस्तुतियों के अनुरूप आवश्यक प्रोन्नति वेतनमान परिभाषित करायें ।

2- शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि अनेक विभागों में ,समस्त स्तरों पर उक्त शासनादेश में अंकित निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है। अतः आपसे यह कहने का मुझे पुनः निदेश हुआ है कि उपर्युक्तानुसार समस्त कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करते हुए प्रगति आख्या से मुझे विलम्बतम् दिनॉक 28 फरवरी, 200। तक अवगत कराया जाय ।

भवदीय,

(भोला नाथ तिवारी)
मुख्य सचिव ।